web - www.ajhindidaily.com

आज

पटना गुरुवार १५ फरवरी २०१८ सौर ३ फाल्गुन संवत २०७४ वि०

बीएसएनएल में जीएसटी सुविधा केन्द्र की शुरुआत

पटना (आससे)। बीएसएनएल बिहार दूरसंचार परिमंडल की ओर से बुद्ध मार्ग स्थित मीडिया केन्द्र में मेसर्स टैक्समैन के सहयोग से जीएसटी सुविधा केन्द्र की शुरुआत की गयी है। जीएसटी केन्द्र का शुभारंभ बीएसएनएल के सीजीएम जी सी श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर उपस्थित सीजीएसटी बिहार झारखंड के मुख्य आयुक्त एस एन सिंह

अनिवेद ने कहा कि इस सुविधा केन्द्र में लघु एवं मध्यम श्रेणी के उद्यमों को जीएसटी रिटर्न फाइल करने तथा उससे जुड़ी अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी। इसमें नये डीलरों का जीएसटी निबंधन, संशोधन व निरस्तीकरण, जीएसटी रिटर्न तैयार करना, रिटर्न दाखिल करना तथा करों का भुगतान एवं चालान निकाला जायेगा। बीएसएनएल के इस कदम से लघु एवं मध्यम श्रेणी के व्यापारी वर्ग, सेवा प्रदाताओं, विनिर्माण इकाइयों, आयातकों एवं निर्यातकों को अपने कर दायित्वों का अनुपालन करते हुए अपना कारोबार सुगमता से चलाने में सहूलियत होगी। इस मौके पर प्रधान महाप्रबंधक एस राजहंस, महाप्रबंधक वित राजीव कुमार तथा सेल्स टैक्स के अतिरिक्त सचिव ए के मिश्रा सहित बीएसएनएल के अन्य पदाधिकारी